प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
शाहजहाँपुर।

सेवा में,

जन सूचना अधिकारी,
शाहजहाँपुर।

पत्रांक : 3639 / M-14 / 02 दिनांक : 13/07/2026

विषय : तरूणमित्र पेपर में प्रकाशिक खबर ''मा0 वित्त मन्त्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की, रेस्टोरेशन में लापरवाही पर जताई नाराजगी'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक तरूणमित्र पेपर में दिनांक 07.07.2026 को प्रकाशित खबर **''मा0 वित्त मन्त्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की, रेस्टोरेशन में लापरवाही पर जताई नाराजगी''** का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसमें जल जीवन मिशन अन्तर्गत कराये गये कार्यों में रेस्टोरेशन एवं जलापूर्ति सम्बन्धी समस्याओं की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायतों के कार्य शत्–प्रतिशत न पूर्ण होने पर नाराजगी व्यक्त की। जिसपर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया था कि सदर विधान सभा अन्तर्गत 31 पाइप पेयजल योजनाओं में वर्तमान में 13 योजनाएं अनुरक्षण एवं संचालन मद में क्रियाशील हैं तथा 10 योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण हैं एवं योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। 04 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है तथा योजनान्तर्गत दिये गये गये गृह संयोजन में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। 04 नग पाइप पेयजल योजनाओं में धनाभाव के कारण वर्तमान में कार्य बन्द हैं।

मा0 मंत्री वित्त मंत्री जी के आदेशानुसार भविष्य में काटी जाने वाली सड़कों का पुर्नस्थापन मानक अनुरूप शीघ्र अतिशीघ्र किया जायेगा।

भवदीय,

(सनी सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner